प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 18.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा– देश से नक्सलवाद और माओवादी हिंसा जल्द ही पूरी तरह हो जाएगी समाप्त।**
2. **घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा और झामुमो के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर तेज, दिवाली के बाद जोर पकड़ेगा प्रचार अभियान, जेएलकेएम ने भी उतारा प्रत्याशी।**
3. **सारंडा वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी के मुद्दे पर झारखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर किया हलफनामा, मामले की अगली सुनवाई 27 अक्तूबर को।**
4. **धनतेरस के साथ पांच दिवसीय दिवाली उत्सव आज से शुरु, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी राज्यवासियों को शुभकामनाएं।**
5. **रांची विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय पुरुष महिला हॉकी प्रतियोगिता का समापन, दोनों वर्गों में बिरसा कॉलेज खूंटी ने हासिल किया खिताब।**

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि देश से नक्सलवाद और माओवादी हिंसा जल्द ही पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालो में माओवादी आतंकवाद से निपटने के लिए ठोस प्रयास किए गए हैं। श्री मोदी ने कल नई दिल्ली में एक वैश्विक सम्मेलन में यह बात कही।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा और झामुमो के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। झामुमो के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने पार्टी प्रत्याशी की जीत का दावा करते हुए कहा कि भाजपा के सभी स्टार प्रचारकों पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भारी पड़ने वाले हैं।

इधर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने दावा किया है कि घाटशिला की जनता ने इस बार बदलाव का मन बना लिया है।

इस बीच हमारे संवादाता ने बताया कि दिवाली और नामांकन प्रक्रिया के समापन के बाद क्षेत्र में चुनाव प्रचार तेज होगा। भाजपा और झामुमो दोनों की प्रचार अभियान के लिए व्यापक तैयारी है। इधर, घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने रामदास मुर्मू को अपना उम्मीदवार बनाया है। कल देर रात इसकी घोषणा कर दी गई है।

****

सारंडा वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी के मुद्दे पर झारखंड सरकार ने अपना हलफनामा सुप्रीम कोर्ट में दायर कर दिया है। शीर्ष अदालत में हुई आंशिक सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि सरकार 250 एकड़ में ही वन अभयारण्य बनाने में सक्षम है। मामले की अगली सुनवाई अब 27 अक्तूबर को होगी।

****

गिरिडीह में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावट खोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। और जानकारी दे रहे हैं

****

राज्य में आपदा विभाग ने दिवाली के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इनमें पटाखों की बिक्री और उपयोग के लिए लाइसेंसधारी विक्रेताओं को लाइसेंस के अनुसार ही बिक्री करने, दुकानों में अग्निशमन यंत्र, रेत और पानी की बाल्टियां रखने, ज्वलनशील पदार्थों से दूर रहने, और खराब गुणवत्ता वाले पटाखे न बेचने के निर्देश शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पटाखों के कम से कम उपयोग और प्रदूषण को देखते हुए सुरक्षित दीपावली मनाने की भी अपील की गई है।

****

कोडरमा में दीपावली को लेकर पारंपरिक, पर्यावरणीय और आत्मनिर्भर भारत की त्रिवेणी एक साथ बह रही है। यहां गोबर क्राफ्ट के जरिए दीये और गणेश–लक्ष्मी की मूर्तियां तैयार की जा रही हैं, जो न केवल इको–फ्रेंडली हैं, बल्कि महिला सशक्तीकरण की भी मजबूत मिसाल बन रही हैं। एक रिपोर्ट–

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज धनतेरस का त्योहार मनाया जा रहा है। इसके साथ ही पांच दिवसीय दिवाली उत्सवों की शुरुआत हो गयी है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी धनतेरस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में इस अवसर पर सभी की खुशी, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भगवान धन्वंतरि का आशीर्वाद सभी नागरिकों पर बना रहेगा।

****

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 20 हजार 800 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 85 हजार रुपये प्रति किलो है।

<u>********************</u>**

खूंटी में आयोजित दो दिवसीय रांची विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय पुरुष महिला हॉकी प्रतियोगिता का समापन हो गया है। प्रतियोगिता के सभी मैच ब्लू एस्ट्रो टर्फ अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम खूंटी में खेले गए। इस प्रतियोगिता में बिरसा कॉलेज खूंटी ने एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची को पेनाल्टी शूटआउट में 2– 0 से हराकर पुरुष वर्ग का खिताब जीता। महिला वर्ग में भी बिरसा कॉलेज खूंटी की टीम चौंपियन बनी।

साउंड बाइट– सुदे□ा कुमार साहू ऑन हॉकी – 22 सेकेंड

<u>*****समाप्त***************</u>**